## खबर संक्षेप

### शेख आरिफ का इन्तकाल

**न्यूटन / परासिया :-** न्यूटन वार्ड 13 में रहने वाले 55 वर्षीय शेख आरिफ का शुक्रवार सुबह इन्तेकाल हो गया। वे शेख साबिर के बड़े पुत्र और शेख तारीफ, शेख शारीफ के बड़े भाई थे। मरहूम शेख आरिफ परासिया जी एम ऑफिस में पदस्थ एक अधिकारी का निजी वाहन चलाते थे। बुधवार को स्वास्थ्य बिगड़ने के चलते उन्हें छिंदवाड़ा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी मैय्यत उनके पैतृक गृह वार्ड 3 नूरी मस्जिद के बगल से की गई। शुक्रवार शाम असर की नमाज के बाद वार्ड 3 में ही स्तिथ कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द ए खाक किया गया।

### भाजपा नेता सतीश रड़वे को मातृ शोक

**न्यूटन / परासिया :-** न्यूटन वार्ड 3 निवासी भाजपा नेता सतीश रड़वे को मातृ शोक हुआ। उनकी माता 64 वर्षीय शारदा रड़वे का शुक्रवार सुबह लम्बी बीमारी के चलते निधन हो गया। वे बी एम एस के नेता रहे रामभगस रड़वे की पत्नी थीं और सतीश रड़वे, हरिओम (अत्तू) और शिवा रड़वे की माता थीं। इनका अंतिम संस्कार पेंच नदी स्तिथ मोक्षधाम में शुक्रवार सुबह 11 बजे स्वजनों की उपस्थिति में किया गया।



### महात्मा ज्योतिबा फुले को किया सौंसर में याद

**सौंसर।** नगर में 28 नवंबर महात्मा ज्योतिबा फुले की स्मृति दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन करते हुए उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया गया।महात्मा ज्योतिबा फूले विकास मंडल की ओर से नगर के महात्मा ज्योतिबा फूले सभागृह एवं मोहगांव चौक पर स्थित सत्यशोधक समाज के संस्थापक महात्मा ज्योतिबा फुले के प्रतिमा पर माल्यार्पण और पूजन किया गया।

## शासन को भेजा कानूनी नोटिस, हाईकोर्ट में लगाई जाएगी याचिका

# गणपति मठ की जमीन पर बवाल जारी, अब मामला जाएगा कोर्ट




हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा (अजय तावरे)

अमरावती रोड पर प्रस्तावित कलेक्टर कार्यालय की जमीन को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। सौंसर के वरिष्ठ अधिवक्ता एम.एम. पुरी ने अपने पांच पक्षकारों की ओर से मध्यप्रदेश शासन के शीर्ष अधिकारियों मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव धर्म एवं धर्मस्थ विभाग तथा कलेक्टर पांढुर्ना को कानूनी नोटिस जारी कर भूमि के दानपत्र को अवैध एवं शून्य करार दिया है। नोटिस में इस जमीन को मूल मालिक श्री गणपति मठ संस्थान को वापस करने की मांग की गई है। प्रस्तावित कलेक्टर कार्यालय की भूमि को लेकर शासन को नोटिस देनेवाले वादियों में कैलाश उपासराव सांबारे, सचिन पिता दिनेश कावले, गणेश पिता डोमाजी बालपांडे, मनोज पिता दिनकरराव गुडधे तथा अक्षय पिता रत्नाकर बालपांडे सभी निवासी पांढुर्ना शामिल है।

**भू-अभिलेख में छेड़छाड़ का आरोप :** नोटिस के अनुसार वर्ष 1970-71 के भू-अभिलेख में दर्ज "श्री गणपति मठ संस्थान" के नाम को कथित रूप से गैरकानूनी तरीके से बदलकर "वीर शैव लिंगायत मठ उर्फ गणपति मठ" कर दिया गया। आरोप है कि इसी परिवर्तित नाम के आधार पर शासन को दानपत्र दिया गया जिसके कारण दान का यह व्यवहार अपने आपमें शून्य हो गया है। वादी पक्ष ने इस प्रक्रिया को शासन और संबंधित मठ के बीच की गंभीर गडबडी बताते हुए श्री गणपति मठ संस्थान में आस्था और श्रद्धा रखने वाले भक्तों की भावनाओं के साथ खिलवाड बताया है।

### दानपत्र में नहीं है रास्ते का उल्लेख

नोटिस में दानपत्र की कानूनी खामियों का भी उल्लेख किया गया है। दावा है कि भूमि तक पहुँचने के लिए किसी मार्ग का उल्लेख दानपत्र में नहीं किया गया है, जिससे दस्तावेज अधूरा और अव्यवहार्य हो जाता है। इसके अलावा प्रस्तावित कलेक्टर कार्यालय तक जाने के लिए बार-बार रेलवे क्रॉसिंग पार करनी पड़ेगी, जो व्यवहारिक दृष्टि से भी अनुपयुक्त बताया गया है। वादीगणों ने यह भी सवाल उठाया है कि प्रस्तावित भूमि जिला एवं सत्र न्यायालय तथा सिविल न्यायालय से काफी दूर है, जिससे प्रशासनिक कार्य प्रभावित होंगे।

### हाईकोर्ट में जाने की चेतावनी

वादियों ने नोटिस में चेतावनी दी है कि यदि उठाए गए सवालों का संतोषजनक जवाब शासन द्वारा निर्धारित समय में नहीं दिया गया, तो वे न्याय प्राप्ति हेतु उच्च न्यायालय की शरण लेंगे।

## बीएलओ दबाव की अफवाहों का प्रशासन ने किया खंडन

# दर्दनाक हादसा: नीलगाय से टक्कर में शिक्षक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

अमरावती रोड पर गुरूवार शाम हुए दर्दनाक सड़क हादसे में सहायक शिक्षक दिनेश धुर्वे की मृत्यु के बाद सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही भ्रामक पोस्ट का प्रशासन ने खंडन किया है। निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अलका एक्का ने स्पष्ट किया कि मृतक शिक्षक न तो बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) थे और न ही उन पर मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान (एसआईआर) का कोई दबाव था। अलका एक्का ने बताया कि दिनेश धुर्वे पिछले पाँच दिनों से अवकाश पर थे औरकिसी आंदोलन में शामिल होने दिल्ली गए थे। गुरूवार की दोपहर लगभग 3 बजे वे दक्षिण एक्सप्रेस से लौटकर सीधे कलमगांव प्राथमिक शाला पहुंचे थे। इसके बाद शाम लगभग 4.30 बजे वे अपने ग्राम वरूड के लिए बाइक से निकले। रास्ते में महेंद्री के जंगल क्षेत्र में अचानक तेज रफ्तार से दौड़ती हुई नीलगाय उनकी बाइक से टकरा गई। जोरदार टक्कर के बाद शिक्षक गंभीर रूप से घायल हुए और उनकी मौत हो गई। निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने कहा कि इस घटना को एसआईआर या किसी प्रशासनिक दबाव से जोड़ना पूरी तरह गलत है। उन्होंने दिनेश धुर्वे के निधन को दुखद बताते हुए सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों से बचने की अपील की।



# पंचायत भवन निर्माण में हो रही लीपापोती

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

### घटिया मटेरियल का हो रहा उपयोग



सरकार पंचायतों के माध्यम से लोक कल्याण के लिए ढेरों योजनाएं लाती है और भरपूर पैसा देती है, लेकिन पंचायतों के जिम्मेदार इनमें लीपापोती करने में कोई कसर नहीं छोड़ते। खासकर निर्माण कार्यों में जमकर लीपापोती देखने को मिलती है। यह सब अमूमन हर पंचायत में देखने को मिल जाता है।

फिलहाल यहां बात परासिया जनपद की लिखावाड़ी पंचायत की हो रही है। जहां निर्माणाधीन पंचायत भवन में जमकर लीपापोती हो रही है। यहां निर्माण घटिया रेत और घटिया मटेरियल से हो रहा है। गौरतलब है, कि परासिया जनपद की ग्राम पंचायत लिखावाड़ी में 37 लाख 50 हजार रूपये लागत से पंचायत भवन का निर्माण हो रहा है।

इसकी स्वीकृति के लिए स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने काफी मशक्कत की, लड़ाई लड़ी, यहां तक की पंचायत कार्यालय में ताला तक लगाया गया। जिस भवन के लिए इतनी मेहनत की गई उसी भवन के निर्माण में लीपापोती होना, ग्रामीणों की भावनाओं के साथ अन्याय है, लेकिन इस से उन लोगों को कोई सरोकार नहीं है, जिनके जिम्मे इस निर्माणाधीन भवन की निगरानी है। उन्हें यह देखना है कि निर्माण पूरे मापदंडो के साथ हो रहा है या नहीं। यदि कोई निर्माण स्थल पर जाकर देखें तो पता चल जाएगा कि निर्माण कैसा हो रहा है। भवन के कॉलम देखकर लगेगा, कि निर्माण किसी नौसीखिए के मार्ग दर्शन में हो रहा है। दरवाजे, खिड़कियां पतले लोहे की लगाई गई है, जो अभी ही जंक लगने के चलते सड़ती दिखाई दे रही है। दीवारों की जुड़ाई भी कमाल की है। जरा से धक्के से हिल रही है। रेत की तो बात ही छोड़ो।

### इनका कहना है

मौके पर जाकर स्थल निरिक्षण किया गया है। कालम और दीवारों को सुधारने के निर्देश दिए गए हैं। रेत का सेम्पल जांच के लिए भेजा गया है।

श्री मसराम (उपयंत्री)

# 6 के लोगों को भी मिले वैकल्पिक मार्ग का लाभ

### परासिया एसडीएम यादव को डीआरएम नागपुर के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया



परासिया से तामिया मार्ग में स्थित रेलवे ब्रिज के चौड़ीकरण का कार्य शुरू होने के चलते इस मार्ग को अप्रैल 2026 तक बंद किया जाना प्रस्तावित है। जिसके चलते वैकल्पिक मार्गो की तैयारी रेलवे विभाग द्वारा की जा रही है। परासिया वार्ड 6 के लोगों ने वैकल्पिक मार्ग का लाभ उन्हें भी दिए जाने के लिए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है।

रेलवे ब्रिज निर्माण के चलते अप्रैल माह तक परासिया - तामिया मार्ग पर आवागमन बंद होने के बाद हजारों लोगों को बाईपास और ईडीसी वार्ड क्रमांक 1 से होकर परासिया आना होगा। जिसके लिए उन्हें 6 से 7 किलोमीटर की दूरी तय करनी होगी। इसी असुविधा को ध्यान में रखते हुए परासिया नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय और अन्य गणमान्य नागरिकों द्वारा रेलवे अधिकारी और एसडीएम को वार्ड क्रमांक 5 से लायंस अस्पताल की ओर निकलने वाले वैकल्पिक मार्ग को तैयार करने का सुझाव दिया गया था। इसके बाद रेलवे द्वारा इस वैकल्पिक मार्ग को भी आवागमन योग्य बनाया जा रहा है। इसी मार्ग से वार्ड क्रमांक 6 को भी जोड़ देने के लिए शुक्रवार को नगर कांग्रेस अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह के नेतृत्व में वार्ड क्रमांक 6 की पार्षद पूजा मरकाम, पार्षद ब्रजेश भालवी, अजय कुमार जैन, अधिवक्ता राजेंद्र सूर्यवंशी, पप्पू मरकाम, रजनीश बैस और राजेश सूर्यवंशी ने परासिया एसडीएम शुभम यादव को डीआरएम नागपुर के नाम ज्ञापन सौंपा है।

## बच्ची से छेड़छाड़ के मामले में सुबह से परेशान थे पीड़ित, पुलिस ने नहीं की थी एफआईआर

# चौकी प्रभारी को सांसद विवेक साहू की फटकार के बाद कार्यवाही के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

धरमटेकड़ी थाने में छेड़छाड़ के मामले में कार्यवाही नहीं होने पर और पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराने में लापरवाही किए जाने पर सांसद विवेक बंटी साहू थाना पहुंचे और शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सांसद की पहल पर एफआईआर की गई।

मामला एक बच्ची के साथ छेड़छाड़ किए जाने का था जिसमें सुबह से ही आवेदन देकर पीड़ित परिवार चौकी में बैठा रहा और पुलिस टालमटोली करते हुए शाम तक मामले को टालती रही। इस बीच आरोपी के भाई ने पीड़ित परिवार को धमकाने का भी प्रयास किया। पीड़ित परिवार रोता और गिड़गिड़ाता रहा और रोते हुए सांसद को फोन किया। संवेदनशील सांसद ने पहल करते हुए तुरंत कार्यवाही के निर्देश दिए, साथ ही कहा कि मप्र की मोहन यादव सरकार महिला अपराधों के प्रति बेहद संवेदनशील है। महिलाओं के साथ किए गए किसी भी अपराध में कोई लापरवाही बर्दाश्त की जाएगी। अगर पुलिस कहती है कि यहां कोई महिला पुलिस अधिकारी नहीं है तो वह झूठ बोल रही है महिला अधिकारी दूसरे थाने से भी लाई जा सकती थी। अंततः पीड़ित परिवार ने राहत की सांस ली और आरोपी के विरूद्ध लापरवाही दर्ज करने की कार्यवाही की।

# मोक्षधाम के रास्ते में पेड़ से लटकी मिली लाश



हरिभूमि न्यूज ⏭ सौसर

शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 8 मोक्षधाम पर ग्रामीणों को पेड़ से लटकी हुई एक लाश नजर आई, वार्ड वासियों के द्वारा घटना की पुलिस को सूचना देने के बाद में मौके पर पुलिस ने पहुंचकर कार्यवाही की गई,जिसमे मुतर्क की पहचान दीपक श्रवण बावने उम्र 49 वार्ड क्रमांक 8 निवासी सौसर के रूप में की गई है। पेड़ से लटककर लाश मिलने की सूचना आग की तरह शहर में फैलने के बाद में मौकाये वारदात स्थल पर लोगों की भीड़ लग गई थी, पुलिस के द्वारा एंबुलेंस के माध्यम से शव को सौसर अस्पताल में पहुंचाकर पोस्टमार्टम किया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक दीपक मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था वह अपने पीछे दो लड़कियां एक लड़का और पत्नी छोड़ गया है.आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है फिलहाल पुलिस के द्वारा मामले को लेकर पूछताछ एवं जांच की जा रही है

### महात्मा ज्योतिबा फुले को किया सौंसर में याद

**सौंसर।** नगर में 28 नवंबर महात्मा ज्योतिबा फुले की स्मृति दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन करते हुए उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया गया।महात्मा ज्योतिबा फूले विकास मंडल की ओर से नगर के महात्मा ज्योतिबा फूले सभागृह एवं मोहगांव चौक पर स्थित सत्यशोधक समाज के संस्थापक महात्मा ज्योतिबा फुले के प्रतिमा पर माल्यार्पण और पूजन किया गया,इस दौरान महात्मा ज्योतिबा फूले विकास मंडल सौसर, महात्मा ज्योतिबा फुले नवयुवक मंडल के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने 2 मिनट का मौन धारण करते हुए श्रद्धांजलि भी अर्पित की है। वक्ताओं के द्वारा स्मृति दिवस के अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फुले, क्रांतीज्योती सावित्रीबाई फुले संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के द्वारा दिए गए विचारों को अंगीकार कर उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प भी लिया गया।

### शहर की सड़कों के हाल-बेहाल, राहगीर हो रहे परेशान

**दमुआ।** माडल सड़क रोड अपनी किस्मत पर आसू बहा रहीं है दमुआ नगर शहर की मुख्य सड़क रोड की हालत बहुत खराब पड़ी हुई है जर्जर गड्डेनुमा सड़क रोड पर आना-जाना दुभर हो गया है। नगरीय क्षेत्र दमुआ के प्रतिपुल से लेकर बेरीयर ओर इंदिरा चौक एवम् इंदिरा चौक से लेकर पुराना बस स्टेण्ड दमुआ सहित मुख्य मार्केट क्षेत्र एरिया की मेन सड़क रोड इतनी जर्जर खस्ता हाल उबड़ खाबड़ जगह जगह से सड़क रोड की हालत बिलकुल खराब पड़ी हुई है। आवागमन करने वाले राहगीरो का काफी दिक्कत परेषानी का सामना करना पड़ रहा है। वही दो साल पूर्व स्वीकृत पुराना दमुआ से नंदन नंदागिरी तक एक करोड की लागत से बन रही सी.सी. रोड का निर्माण अभी तक पूर्ण नही हुआ है तथा नंदन पोस्ट आफिस के पास आये दिन दुर्घटना होते रही है। सड़को की दयनिय स्थिति को देखते हुये जनप्रतिनिधियों को भी रास नहीं आ रहा है जबकि प्रतिदिन सड़को पर लोग एवम् जनप्रतिनिधिगण और सम्बधित अधिकारी, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदगण सभापतिगण आदि सभी लोग जनमानस नागरिक बंधुगण प्रतिदिन इसी सड़क रोड पर से आना-जाना कर रहें है। मगर उन्हें शर्म तक नहीं आ रहीं है जनप्रतिनिधि बने बैठे लोग कमीषन खा रहें है। मगर उन्हे जनता की तकलीफो दिक्कतो परेषानी से कोई सरोकार नहीं है इन्हे तो सिर्फ कमीषन कमाई से मतलब है। कमीषन के चक्कर में विकास निर्माण कार्य घटिया किस्म के हो रहें है। और नियम मापदण्ड के आदेष की उड़ रहीं है धज्जीया न.पा.दमुआ में जो भी कार्य हो रहे घटिया और गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य के कुछ ही दिनों के पश्चात जगह जगह से उखड जाती है जो कि घटिया निर्माण कार्य की पोल खोल रहा है। नाम ना छापने की शर्त पर संबंधित ऐजेंसी ठेकेदार का कहना है हमारे द्वारा निर्माण कार्य तो कर दिया जाता है किन्तु बिल के भुगतान के लिए नगर पालिका के कई चक्कर काटने पडते है फिर भी समय पर बिल नही मिलता है तथा कमीषन की मांग की जाती है बिना कमीषन दिये बिल का भुगतान नही किया जाता है।

### उपचार के दौरान प्रसूता और नवजात की मौत

**दमुआ।** रामपुर क्षेत्र के ग्राम डेहरी में प्रसव पीडा के दौरान 18 वर्षीया प्रसूता कलावती पति सुभाष की उपचार के दौरान मौत हो गई साथ ही डिलेवरी के समय नवजात षिषु का निधिन हो गया बी.एम. ओ. जुन्नारदेव डॉ. नागवंषी ने बताया कि 16 नवम्बर को प्रसूता को हाईब्लड प्रेषर की गम्भीर स्थिति में जिला अस्पताल रिफर किया गया था यहां 19 नवम्बर को किये गये सीजर आपरेषन के दौरान षिषु की मौत हो गई प्रसूता की हालत और खराब होने के पर उसे मेडिकल कालेज नागपुर रिफर किया गया था जहां उपचार के दौरान उसने भी दम तोड दिया लोगो ने स्थानीय स्वास्थ्य सुपरवाईजर और आषा कार्यकर्ता पर समय पर पर्याप्त निगरानी व जिम्मेदारी निभाने में चूक के आरोप लगाये है। ग्रामीणों का मानना है कि शुरूआती स्तर पर सजगता बरती जानी चाहिए थी। इस घटना के बाद से ग्राम डेहरी में षोक छाया हुआ है मामले की जानकारी वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी को दे दी गई है।

### जिला माली समाज विकास परिषद ने मनाई महात्मा ज्योतिबा फुले की 135 वीं पुण्यतिथि



**छिन्दवाड़ाः-** माली समाज छिन्दवाड़ा के संयोजक भाऊराव चरपे के नेतृत्व में शुक्रवार को समाज के संत शिरोमणि श्रद्धेय महात्मा ज्योतिबा फुले की 135 वीं पुण्यतिथि समाज भवन बरारीपुरा, वार्ड नंबर 25 में मनाई गई। इस कार्यक्रम में समाज के संयोजक भाऊराव चरपे, हरिभाऊ वाडबुदे प्रभाकर भुसानकर, शिवराम आलोनकर, ज्ञानेश्वर कनेरे, दिलीप चरपे, राधेश्याम घोरसे, दीपक सेमेकार, आकाश घोरसे, बंटी घोरसे, अजय चरपे, प्रभाकर आलोनकर, संजय दास, विजय घोरसे, सुनील कारटे, मुकुन्द घोरसे, सदाशिव सहित अन्य सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

# वैकल्पिक मार्ग के निर्माण से हजारों नागरिकों की हल होगी समस्या

### नगर पालिका अध्यक्ष ने निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

पिपरिया रोड के अंडर पास निर्माण के लिए छह महिने के लिए पुल के नीचे से आवागमन बंद होने वाला है। आवागमन बंद होने से हजारों नागरिकों को 8 - 10 किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ता। इससे बचने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष ने दो वैकल्पिक मार्ग का सुझाव दिया था। दोनों मार्ग का निर्माण रेलवे ने प्रारंभ कर दिया है। इसके बनने के बाद हजारों लोगों को लाभ मिलेगा।

नगर पालिका परासिया के अध्यक्ष विनोद मालवीय ने शुक्रवार को इस निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।लायंस अस्पताल के सामने से पुराने नाले को सड़क बनाकर वैकल्पिक मार्ग के रूप में तैयार किया जा रहा है। इससे ज्यादा लंबा चंक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। नगर पालिका अध्यक्ष ने इस मार्ग के निर्माण के लिए एसडीएम से आग्रह किया था। इसके बाद एक बैठक हुई। एसडीएम ने नगर पालिका अध्यक्ष और रेलवे के आईओडब्लयु के साथ इस मार्ग का निरीक्षण किया। रेलवे ने इसका काम शुरू कर दिया है। नगर पालिका परासिया के अध्यक्ष विनोद मालवीय, उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर, इंजिनियर राजेंद्र सोनी, पार्षद ब्रजेश भलावी, वार्ड छह की पार्षद पूजा मरकाम और मोनू मारवाह ने इसका निरीक्षण किया। रेलवे के अधिकारियों से चर्चा की। इस मार्ग को कैसे बेहतर बनाया जा सकता है इस पर चर्चा की गई।नगर पालिका अध्यक्ष ने पुल के नीचे से बहने वाले पानी को डायवर्ट करने के लिए भी सुझाव दिया। जिससे पानी किनारे से नाले में मिल सके।

## संयुक्त दल ने जेसीबी से किया मोहरे बंद, जान जोखिम में डालकर किया था कोयला चोरी

# कोयला चोरी की दर्जनों शिकायतों के बाद पुलिस ने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



जुन्नारदेव थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश बघेल को उनके थाना क्षेत्र के अंबाड़ा चौकी के अधीन से निरंतर मिल रही बंद कोयला खदानों से कोल माफिया द्वारा निजी नाबालिक मजदूर को लगाकर उनको सुरंग के भीतर जाने को मजबूर करते है फिर जमा हुए कोयले को कोल तस्कर भोपाल इंदौर नागपुर और क्षेत्र मे अवैध ईट भट्टा संचालको तक ऊँचे दाम पर बेचने की शिकायत पर से! थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश बघेल उप-थाना प्रभारी मुकेश डोंगरे व उनके सहयोगी स्टॉफ ने वेकोलि के सुरक्षा कर्मियों को साथ लेकर अंबाड़ा क्षेत्र की बंद खदानों और दातला क्षेत्र की बंद खदानों के मुहानों का निरीक्षण कर तत्काल जेसीबी मशीन से उन्हें बंद करवाया! और इसके साथ ही नाबालिक बच्चों को सुरंग मे ज्यादा पैसो का लोभ लालच देकर अवैध कोयला निकलवाने वालो और खोदने वालो को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्यवाही होने के आसार बन गए।

### अवैध कोयला उत्खनन के खिलाफ एक्शन

**परासिया :-** कोयलांचल में जारी अवैध कोयला उत्खनन के खिलाफ स्थानीय प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। जिसके तहत शुक्रवार को रावनवाड़ा क्षेत्र में संचालित ईंट भट्टों के खिलाफ कार्रवाई की गई। रावनवाड़ा चर्च के समीप यह ईंट भट्टा और एक अन्य ईंट भट्टा वेकोलि की जमीन पर चल रहा था। जहां कोयले का अवैध भण्डारण भी पाया गया। मौके पर एक ट्रैक्टर ट्राली भी मिली। कोयला और ट्रैक्टर जब्त कर शिवपुरी पुलिस के सुपुर्द किया गया। यह कार्रवाई वेकोली प्रबंधन द्वारा की गई। इस कार्रवाई से पूर्व गुरुवार को राजस्व, पुलिस और वेकोली अधिकारियों की एस डी एम ऑफिस में बैठक हुई थी। जिसमें कोयलांचल पेंच - कन्हान की बंद भूमिगत और ओपन कास्ट कोयला खदानों में हो रहे अवैध कोयला उत्खनन पर पूर्णतः प्रतिबन्ध लगाने पर चर्चा हुई और ठोस निर्णय लिए गए थे। जिसे अमलीजामा पहनाने के लिए वेकोलि प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन मैदान में उतरता नजर आ रहा है।



### नेशनल हाईवे पर बैठकर डेढ़ घंटे तक किया धरना प्रदर्शन, आमसभा, रैली निकाली, मुख्यमंत्री का किया पुतला दहन

# कपास मक्के को लेकर किसानों का भाजपा सरकार पर फूटा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर



किसानों के द्वारा कपास और मक्के की फसल को बार-बार ज्ञापन देने के बावजूद भी भाव नहीं मिलने को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के बैनर तले शुक्रवार को सौसर में जमकर विरोध प्रदर्शन करते हुए भाजपा सरकार, स्थानीय प्रशासन को आड़े हाथों लिया। इस दौरान नागपुर छिंदवाड़ा मार्ग पर कांग्रेस नेताओं ने मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर डेढ़ घंटे तक धरना देकर भाजपा सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की,धरना आंदोलन के पूर्व नगर के बाजार चौक में आमसभा संपन्न हुई,आमसभा में प्रमुखता से कांग्रेस वरिष्ठ नेता गंगाप्रसाद तिवारी, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, भागवतराव महाजन, पांढुर्णा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जतन उइके, विधायक विजय चौरे, विधायक सुनील उईके,विधायक सोहन वाल्मीक,पूर्व जिला कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष विजय चौधरी,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ राजेद्र यमदे,अशोक चौधरी, पुनाराम बाविस्टाले, युवराज चीचकार,लक्मन चाके,नेहा विलास जोगी,सतीश बोड़खे, विठ्ठलराव गायकवाड़,चंद्रशेखर गुरवे,संजय ठाकरे,सुभाष आमने,आदि थे।

**भाजपा सरकार के राज किसान परेशान बदहाल**

आमसभा को संबोधित करते हुए विधायक विजय चौरे ने भाजपा नेताओं एवं भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा की भाजपा सरकार के राज में किसान परेशान और बदहाल हो गया है, किसानो की गाढ़ी मेहनत की कमाई का हिस्सा भाजपा सरकार उनको नहीं दे रही है। कपास और मक्के की फसल को भाव नहीं मिलने के चलते किसान परेशान हो गया है। लागत नही निकल पा रही है। किसानों को कपास का समर्थन मूल्य 10000 मिलना चाहिए, सीसीआई के द्वारा खरीदी किए गए कपास की कृषि मंडी परिसर में होनी चाहिए, साथ ही क्षेत्र की जिनिंगों में अन्य प्रदेशों से करोड़ों रुपए की कपास जो गाड़ियां आ रही है उसपर प्रशासन ने तत्काल रोक लगाकर पहले सौसर क्षेत्र के किसानों से कपास की खरीदी करनी चाहिए।सीसीआई को चेतावनी देते हुए विधायक श्री चौरे ने कहा 16% नमी वाले कपास को भी सीसीआई ने खरीदी करना चाहिए।

**डेढ़ घंटे तक नागपुर-छिंदवाड़ा मार्ग पर चला धरना प्रदर्शन**

बाजार चौक से किसान एवं कांग्रेस नेता आक्रोश रैली निकालकर नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे जहां सड़क पर डेढ़ घंटे तक बैठकर धरना प्रदर्शन किया,इस दौरान कपास और मक्के की फसल के भाव नहीं मिलने को लेकर मुख्यमंत्री का पुतला दहन भी किया गया,पुलिस के द्वारा पुतला दहन रोकने का प्रयास किया गया परंतु सफलता नहीं मिल पाई है।धरना आंदोलन के दौरान कांग्रेस नेता अधिकारियों को सड़क पर आकर ज्ञापन लेने की मांग पर 1 घटे तक अड़े रहे। इसके बाद मे सौसर एसडीएम सिद्धार्थ पटेल ने धरना स्थल पर पहुंचकर किसानों एवं कांग्रेस नेताओं से विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन लेते हुए क्षेत्रीय स्तर की समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया।

**सुरक्षा व्यवस्था के लिए तीन जिलों का पुलिस बल था तैनात**

मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस के किसान आक्रोश रैली को लेकर एडिशनल एसपी नीरज सोनी की उपस्थिति में किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित ना हो इस उद्देश्य को लेकर तीन जिलों का पुलिस बल के साथ ही वज्र फायर ब्रिगेड आदि की व्यवस्था की गई थी। धरना प्रदर्शन के दौरान पुलिस के द्वारा तहसील कार्यालय के सामने लगाए गए बैरिकेट्स,से कांग्रेस नेताओ को आगे जाने को लेकर पुलिस और किसानों में तू तू मे में भी हुई है। इसके बाद में किसानों ने बेरिकेट गिराकर आगे बढ़ गए थे। नागपुर छिंदवाड़ा मार्ग पर बड़ी संख्या में धरना प्रदर्शन कर रहे किसानों के कारण दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारे लग गई थी।धरना प्रदर्शन में स्कूलो से बच्चों को लेकर आ रही बसें फस गई थी। कांग्रेस के धरना प्रदर्शन के कारण लगभग 1 घंटे तक स्कूल बसें जाम में फंसी रही है। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं को परेशान होना पड़ा है।

## बेटियों की सुरक्षा एवं बेटियों को बचाने के लिए किया जागरूक



**छिंदवाड़ा।** समाज मे आज भी बेटी की अपेक्षा बैटा की प्राथमिकता पर बल दिया जा रहा हे परिवार मे बेटी का जन्म ना हो इस हेतू प्रसव केंद्रों मे अल्ट्रा सोनो ग्राफी मशीन के माध्यम से गर्भ मे लिंग निर्धारित की सहज उपलब्धता इस समस्या को ओर भी बढावा दिया हे ।गर्भवती महिला के भ्रूण की जांच के दोरान बेटी के होने पर भ्रूणहत्या कर जघन्य अपराध कर रहे हे । बेटी का जीवन मे कितना महत्व हे इस विषय की जानकारी देने , बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश कुमार शिवहरे के मार्गदर्शन में जन जागरूकता कार्यक्रम पी एम श्री कन्या शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल चांद विकास खंड चोरई. मे प्राचार्य उत्तम कुमार बंजारे ,की उपस्थिति मे किया गया । इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर श्यामल राव ने छात्रो को सम्बोधित करते हुए बताया की बेटीयो के लिंगानुपात के अंतर मे कमी आये जिसके लिए बेटीयो को बचाने किशोरियों को प्रशिक्षण देकर सशक्त करने का कार्य किया जा रहा हे ताकि विवाह उपरांत जीवन जीने का अधिकार का उपयोग कर स्वंय की सुरक्षा के साथ जन्मे बेटी का जीवन सुरक्षित कर सके जिससे की जिले के लिंगानुपात मे कमी लाई जा सके । इस दौरान छात्रो को समाज मे जागरूकता लाने नाबालिग बच्चों एवं परिजनों को बेटी बचाओ बेटी पढाओ की कल्पना को साकार करने निरंतर आमजनों को प्रेरित करे साथ ही बच्चों के साथ हो रहे शोषण रोकने के लिये पाक्सो एक्ट, बेड टच गुड टच, ओर महिला सुरक्षा कानून का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने के लिए कहा । उत्तम कुमार बंजारे ने कहा की बेटी बचाओ ,बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत सभी के माता पिता बेटियो के जन्म पर हर्ष मनाये, बेटियो को भेदभाव रहित व्यवहार के साथ पोषित करना ओर उन्हें विकास व शिक्षा का अवसर उपलब्ध कराने अपनी ओर से पहल करे,क्योंकि बेटी होती हे जगत जननी इनकी सुरक्षा हेतु विशेष पहल होनी चाहिए। , आयोजित प्रशिक्षण को सफल बनाने मे प्राचार्य उत्तम कुमार बंजारे, शिक्षक , जितेंद्र सोनी, अनिल रघुवंशी, मिथलेश शर्मा , राजकुमार रघुवंशी, महिला एवं बाल विकास विभाग से शैलेंद्र शुक्ला, का सहयोग रहा।

# 530 ग्रामीणों की हुई ढोकडोह स्वास्थ्य शिविर में जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर



100 दिन सेवा संकल्प और स्वास्थ्य के 72 अभियान के तहत सौसर के ढोकडोह में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शुभारंभ पांढुरना एवं छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र के सांसद विवेक बंटी साहू,पूर्व भाजपा अध्यक्ष राजू परमार, जनपद पंचायत सौसर अध्यक्ष संजय भूते, युवा भाजपा नेता राहुल मोहोड़, सौसर भाजपा मंडल अध्यक्ष दर्शन झाड़े, नारायण बाड़ौदे तथा एसआईआर प्रभारी आलोक दुबे द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।आयोजन कमेटी से मिली जानकारी के अनुसार शिविर में 530 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच एवं उपचार किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सिकल सेल स्क्रीनिंग, गर्भवती माताओं की स्वास्थ्य जांच, फैटी लीवर स्क्रीनिंग, नेत्र जांच सहित कई परीक्षण किए। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने गांववासियों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिया।आयोजन को संबोधित करते हुए सांसद बंटी साहू ने कहा 100 दिन सेवा के संकल्प अभियान के तहत संपूर्ण जिले के साथ सौसर क्षेत्र के विभिन्न पंचायत में निरंतर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। संपूर्ण जिले वासियों का स्वास्थ्य अच्छा रहे समय पर जिले वासियों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिले उपचार ठीक ढंग से हो इस उद्देश्य को लेकर शिविरों में विभिन्न बीमारियों की जांच करते हुए डॉक्टरों की टीम के द्वारा उपचार के लिए आवश्यक मार्गदर्शन किया जा रहा है।

## सौसर में प्रदेशमंत्री ने ली भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक



**सौसर।** भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेश मंत्री लोकेन्द्र पाराशर ने एसआईआर को भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न अनुसांगिक संगठनों के पदाधिकारी सदस्यों की बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश हैं। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं भाजपा सरकार के द्वारा आम जनमानस के सर्वांगीण विकास के लिए संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार कार्य करने प्रचार प्रसार करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है।बैठक के दौरान फिर को लेकर चल रहे कार्य में पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने एसआईआर के पीछे शासनकी जनकल्याणकारी नितिया आदि के संबंध में जानकारी दी है।इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री नाना मोहोड, जिला भाजपा पांढुर्णा अध्यक्ष संदीप मोहड़,भाजपा जिला सिवनी पूर्व जिलाध्यक्ष आलोक दुबे,संतोष जैन, मोरेश्वर मर्सकोले, नगर पालिका सौसर अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा इंद्रचांद डागा,जनपद पंचायत सौसर अध्यक्ष संजय भुते, नारायण वाडोडे जी,सौसर नगर पालिका उपाध्यक्ष विनोद जूनघरे,देवेन्द्र गायकवाड़ आदि मौजूद रहे।

## 42 परिवारों को दो लाख 10 हजार की आर्थिक सहायता

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू हर उस व्यक्ति की जरूरत पूरी कर रहे है, जो उनके समक्ष अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए आर्थिक सहायता की गुहार लगा रहे है। इसी कड़ी में सांसद कार्यालय में छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा के 42 परिवारों को सांसद श्री साहू ने अपनी स्वेच्छानुदान निधि से दो लाख 10 हजार की सहायता राशि के चैक वितरित किये। चैक पाकर सभी के चेहरों पर खुशी देखी गई। सांसद श्री साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा है कि हर जरूरतमंद लोगों को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाये। इसी मंशा को पूरा करते हुए छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के हर जरूरतमंद लोगों की हर संभव मदद की जा रही है। उल्लेखनीय है कि सांसद श्री साहू लगातार छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा जिले का दौरा कर रहे है। इस दौरान आर्थिक रूप से कमजोर परिवार द्वारा सांसद श्री साहू से मुलाकात करते हुए अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देकर आर्थिक सहायता के लिए निवेदन किया जा रहा है।

## पारड़सिंगा पंचायत में हुआ संविधान दिवस समारोह

**पारडिसंगा।** संविधान दिवस के अवसर पर औद्योगिक क्षेत्र के ग्राम पंचायत पारड़सिंगा में संविधान दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सरपंच भोजराज धोतके की अध्यक्षता में संपन्न हुए संविधान दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं भारतीय संविधान के प्रस्तावना के वाचन के साथ किया गया। इस दौरान बौध्द नवयुवक युवति परिचय सम्मेलन समिति सौसर के जन्मदाता, एवं भारतीय बौद्ध महासभा जिला अध्यक्ष डॉ अशोक भगत, मुरलीधर कामले, देवेंद्र बागडे ,डॉक्टर वाय एल ठवरे, भारतीय बौद्ध महासभा तहसील अध्यक्ष लक्ष्मी दास बोरकर आनंद दुफारे, राजेश बागडे, दिवाकर बागडे, चंद्रप्रकाश रगारे सिद्धार्थ बागडे,देवेंद्र गायकवाड़,मुकेश बागड़े,अमित बोरकर, की उपस्थिति में ग्राम पंचायत पैराड़सिंगा को भारतीय संविधान की प्रस्तावना भेंट की गई। आयोजन के दौरान सरपंच भोजराज धोतके ने कहा आज मैं पंचायत का सरपंच बन पाया हूं तो यह संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जी एवं भारतीय संविधान की देंन है।



## लांजी में कचरा वाहन में तिरंगे का अपमान, युवाओं ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज लांजी।



धर्मनगरी लांजी में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के अपमान का मामला सामने आया है। स्थानीय नागरिकों और युवाओं में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश देखा गया।

27नवंबर की रात नगर परिषद परिसर में खड़े कचरा वाहन में तिरंगा झंडा लटका दिया गया था। सूचना मिलने पर नगर परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीएमओ) मयूर वाहने ने तुरंत ध्वज को वाहन से हटवाकर सुरक्षित स्थान पर रखवाया।

सीएमओ ने कहा कि सफाई कर्मियों द्वारा कार्य समाप्त होने के बाद वाहन को परिसर में खड़ा कर दिया गया था। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस कृत्य के जिम्मेदार उपद्रवियों एवं असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर पहचान कर थाने में शिकायत दर्ज कराई जाएगी।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल के अध्यक्ष शालू अली, शुभम मिश्रा, इकराम शेख, ऋषभ रजक (एबीवीपी नगर मंत्री, लांजी) और अमित आसटकर ने इस घटना की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारी आन-बान-शान है और इसका अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने नगर परिषद से राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा का ध्यान रखने की अपील की और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

युवाओं ने यह भी कहा कि यदि पुराना या खराब तिरंगा मिलता है तो उसे नियमों के अनुसार सम्मानपूर्वक नष्ट किया जाना चाहिए, न कि कचरा वाहन में लटका देना चाहिए।

नगर परिषद ने कहा है कि सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से इस कृत्य में शामिल लोगों की पहचान कर कानूनी प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस बीच, राष्ट्रीय ध्वज को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं।

### विधायक विवेक पटेल के हस्ते किया गया भूमिपूजन

## विधायक निधि से स्वीकृत सीसी नाली की मिली सौगात

**वारासिवनी नगरपालिका के विभिन्न वार्डों में भी किया जाएगा विकास कार्य-विवेक पटेल**



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** नगरपालिका परिषद वारासिवनी अंतर्गत वार्ड नम्बर 14 पवार मंगल भवन के पीछे 4 लाख रुपये की विधायक विकास निधि से बनने वाली सी सी नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधायक विवेक विक्की पटेल, भूतपूर्व विधायक ओंकारसिंह बिसेन व अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में समारोह पूर्वक किया गया।

विदित हो कि इस वॉर्ड के रहवासी लगातार वार्ड पार्षद और नगरपालिका अध्यक्ष सहित अधिकारियों से सी सी नाली निर्माण करवाने की मांग कर रहे थे। मगर नगरपालिका में बैठे हुए जनप्रतिनिधि वार्डवासियों की मांग को अनसुना कर रहे थे। जिसके बाद वार्डवासियों ने विधायक निवास पहुंच कर वार्ड की समस्याओं से विधायक विवेक विक्की पटेल को अवगत कराया था और नाली बनवाने की मांग की थी। जिसके बाद विधायक विवेक विक्की पटेल ने वार्डवासियों को मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया था। फिर विधायक विकास निधि से उन्होंने नाली निर्माण के लिए 4 लाख रुपये की स्वीकृत प्रदान की और बुधवार को भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र में चाहे नगरपालिका संबंधित वार्ड हो, ग्रामीण क्षेत्रों का कोई भी गांव हो, मेरी राशि में इनका पूरा अधिकार हैं। जो भी समस्या आएगी, मै उन्हें दूर करने का प्रयास करता हूॅ। बीते कुछ वर्षों से पवार मंगल भवन के पीछे वार्डवासियों द्वारा नाली निर्माण की मांग की जा रही थी। विधायक निधि द्वारा लगभग 100 मीटर से अधिक लंबाई की नाली निर्माण के लिए 4 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गई हैं। नाली के अभाव में पानी निकासी की समस्या बनी हुई थी। जिससे वार्ड के रहवासियों को समस्या हो रही थी।

## संभाग स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में दीक्षा व पूजा का चयन

### आज से होगी छिंदवाड़ा में प्रतियोगिता प्रारंभ





**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी खेल कैलेंडर अनुसार संभाग स्तरीय खो खो प्रतियोगिता का आयोजन राजमाता सिंधिया शासकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा में 29 नवम्बर 2025 से किया जा रहा हैं। जिसमें भाग लेने के लिए शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी की दो छात्राओं का चयन हुआ हैं।

जिन छात्राओं का चयन हुआ हैं, उनमें दीक्षा सुमन लाल उइके बी एस सी चतुर्थ वर्ष व पूजा जय सिंह पुर्राम बी ए प्रथम वर्ष शामिल है। ज्ञात हो कि दोनो छात्राओं का चयन जिला स्तरीय खो खो प्रतियोगिता कटंगी बालाघाट में उच्च प्रदर्शन के आधार पर किया गया हैं। सभी के चयन पर महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष प्रफुल्ल बिसेन व महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य डॉ एस एस गेड़ाम, क्रीड़ा समिति के समस्त सदस्यगण, समस्त प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, नियमित कार्यालय कर्मचारीगण, अतिथि विद्वान, जन भागीदारी शिक्षक व कर्मी, आउटसोर्स कर्मी ने बधाइयां देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### समतलीकरण की अनुमति लेकर किया जा रहा अवैध परिवहन

# ठेकेदार केतन जैन की दंबगई के सामने बौना हुआ प्रशासन!

**राजनीतिक दबाव के चलते बेरोकटोक बिना प्रशासनिक अनुमति के किया जा रहा मुरूम का परिवहन**



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** धर्मनगरी लांजी में राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखने वाले ठेकेदारों का कितना दबदबा है यह वर्तमान में नगर परिषद द्वारा रोड चौड़ीकरण कार्य कराने के दौरान नजर आ रहा है जिसमें बालाघाट निवासी ठेकेदार को उक्त कार्य का ठेका नगर परिषद लांजी से मिला है। जिसके द्वारा पूरे नगर में दंबगई से अपने कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है जिसमें शासकीय नियम कायदों की इस तरह बलि चढ़ाई जा रही है जिसे देखकर शासकीय अधिकरी और कर्मचारी भी मौन साधे हुए हैं। लांजी क्षेत्र में उत्खनन को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों पर नेताओं का दबाव बहुत ज्यादा देखा जा सकता है इसलिए क्षेत्र में धड़ल्ले से अवैध उत्खनन का कार्य चरम सीमा पर चल रहा है इसका जीता जागता उदाहरण लांजी में चल रहे रोड निर्माण कार्य में लग रहे मुरूम उत्खनन एवं परिवहन को लेकर देखा जा सकता है। जानकारी अनुसार जनपद क्षेत्र लांजी के ग्राम जूनेवानी से नसकट्टा मार्ग पर स्थित महिला किसान सुनीता पति नेतराम के खेत से ठेकेदार केतन जैन के द्वारा अवैध उत्खनन करवाया जा रहा है, वही महिला किसान सुनीता पति नेतराम ने लांजी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से खेत समतलीकरण करने का आदेश लिया है परंतु खेत समतलीकरण नहीं करते हुए लगभग 15 फीट से अधिक खुदाई कर मुरूम निकाला जा रहा है और उसे मुरूम को लांजी नगर परिषद में चल रहे रोड के काम में साइड सोल्डर में प्रयोग किया जा रहा है।

**शासन को हो रही राजस्व की क्षति, फिर भी अधिकारी मौन:** उक्त कार्य में आधा दर्जन से अधिक ट्रैक्टरों से मुरूम का परिवहन किया जा रहा है ठेकेदार केतन जैन के पास मुरूम परिवहन करने का किसी प्रकार का भी परमिशन नहीं है। वही देखा जाए तो शासन के नियमों को ताक में रखकर ठेकेदार केतन जैन के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसील कार्यालय के सामने से ही मुरूम का अवैध परिवहन किया जा रहा है। ठेकेदार के द्वारा शासन प्रशासन के आंख में धूल झोंक कर राजस्व को नुकसान पहुंचाया जा रहा है यही नहीं इस अवैध परिवहन की जानकारी लांजी के संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों को होने के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है इससे यह समझ में आता है कि प्रशासधिक अधिकारियों को राजनीतिक दबाव के चलते कार्यवाही से नजरे हटानी पड़ती है।

**इनका कहना है**

महिला किसान ने मेरे कार्यालय में आवेदन की थी जिस पर मेरे द्वारा सिर्फ समतलीकरण एवं खेत बनाने हेतु आदेश किया गया था मैं किसी प्रकार का परिवहन करने का कोई आदेश नहीं किया है खेत की मिट्टी खेत में ही डालकर खेत बराबर करने का परमिशन मेरे द्वारा दिया गया है।

**कमलचंद सिंहसार,**
**एसडीएम लांजी**

## खैरलांजी में 76 वां संविधान दिवस समारोह का हुआ आयोजन

### निकाली गई रैली और हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज खैरलाँजी।



खैरलांजी तहसील मुख्यालय में 26 नवंबर बुधवार को 76 वां सविंधान दिवस समारोह का आयोजन सविंधान फांउडेशन बालाघाट खैरलांजी के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस दौरान डा.भीमराव आंबेडकर के प्रतिमा के समक्ष दिप प्रज्वलित कर माल्यार्पण की गई और उन्हें नमन किया। इस अवसर पर बाबासाहेब के अनुयाईयो व बौद्ध उपासक व उपासिका सहित नागरिको के द्वारा भव्य रैली निकाली गई जिसमे आर्केस्टा के माध्यम से प्रकाश सागर सहित अन्य गायको के द्वारा भीम गीतो की शानदार प्रस्तुत दि गई। रैली जो नगर के विविध मार्ग से गुजरते हुए आम्बेडकर चौक पर पहुंचकर डा.बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर की भव्य प्रतिमा पर माल्यार्पण की गई। इस दरमियान डा. बाबासाहेब आंबेडकर के जयघोष लगाए गए। जिसके बाद रैली कार्यक्रम स्थल पहुंचकर रैली का समापन किया। साथ ही रात्री में सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में कव्वाली की शानदार प्रस्तुती दि गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कार्यक्रम में आतिथ्य के रूप वारासिवनी खैरलांजी विधायक विवेक पटेल, कटंगी खैरलांजी विधायक गौरव सिंह पारधी, जनपद अध्यक्ष प्रतिनीधी गुनाराम बघेले सहित अन्य अतिथीगण शामिल हुए। इस अवसर पर अतिथीगणो के द्वारा अपने विचार व्यक्त करते हुए सविंधान के बारे विस्तृत रूप बताया गया और कहा की सविंधान को पढें और अपने अधिकारो को जाने।साथ ही कहा की बच्चो को खुब पढाए लिखाए और आगे बढ़ाए।इस दौरान कार्यक्रम में वारासिवनी खैरलांजी विधायक विवेक पटेल, कटंगी खैरलांजी विधायक गौरव सिंह पारधी, प्रवीण मेश्राम संस्थापक संविधान फाउंडेशन बालाघाट , पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामकुमार नागपुरे, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधी गुनाराम बघेले, जनपद उपाध्यक्ष दुर्गाप्रसाद लिल्हारे, समाजसेवी भारत सिंह शिवहर , राजकुमार गेडाम,जिला पंचायत सदस्य प्रकाश ऊके, ग्राम सरपंच श्रीमति ज्योति नागपुरे, सामाजिक कार्यकर्ता खुमेश डोंगरे, अनिल अगने, योगेश सुलकिया,संजीव मेश्राम,हरेंद्र बागडे, हर्षित रेड्डी, अमित फूलमारी, हनीफ कुरैशी सामाजिक कार्यकर्ता कायदी, अमित फूलमारी, डी. एल. हुमनेकर, ए.पी. तिवारी, प्रमोद घोड़ेश्वर, समाज सेवी देवराज भोयर, डी.एल. सुखदेवे सहित अन्य सामाजिक प्रबुद्ध लोग उपस्थित रहे।

## हट्टा, डोरा एवं डोंगरिया में जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** बाल विवाह जैसी कुप्रथा के उन्मूलन के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत 27 नवंबर 2025 से 8 मार्च 2026 तक 100 दिवसीय इंटेंसिव थीम आधारित जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती दीपमाला मंगोलिया के मार्गदर्शन में प्रशासक वन स्टॉप सेंटर बालाघाट के द्वारा इस कार्यक्रम की विस्तृत रूप रेखा आकाशवाणी बालाघाट के माध्यम से वृहद स्तर पर दी गई है। इस अभियान के अंतर्गत 28 नवम्बर को कन्या विद्यालय हट्टा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरिया एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोरा में जागरूकता एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केस वर्कर समाज श्रीमति यानिता राहंगडाले, श्रीमति संध्या चौधरी ने छात्र-छात्राओं को बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

## खबर संक्षेप



### संत तारण स्वामी जी 577 वी जन्मजयंती पर निकाली वाहन रैली

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भैरोगंज उपनगरीय क्षेत्र में स्थित स्थापित कांच का भव्य मंदिर आकर्षण का केंद्र बना हुआ है समिति द्वारा तारण स्वामी जी के पावन जन्म जयंती के उपलक्ष्य में दिनांक 26 नवंबर को भव्य एवं सुव्यवस्थित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एक विशाल वाहन शोभायात्रा/रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों एवं समाजजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता प्रदान की।
शोभायात्रा मुख्य मार्गों से होते हुए भैरोगंज जैन मंदिर पहुँची, जहाँ सभी भक्तों ने भक्ति रस का आनंद लिया। रैली में विभिन्न धार्मिक भक्ति संगीत और आध्यात्मिक संदेशों का समावेश रहा, जिसने पूरे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण का सृजन किया। कमेटी के सचिव पियूष जैन जी ने बताया कि तारण स्वामी जी का संदेश तू स्वयं भगवान है सभी को आत्मबोध एवं सत्य के मार्ग पर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है।
उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों की सहभागिता धार्मिक एकता और सौहार्द का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

# मुंगवानी मार्ग में किसानों ने किया चक्का जाम, पर्याप्त बिजली देने की रखी मांग





किसानों को कृषि कार्य के लिए 10 घंटे बिजली मिलने की जगह महज 2 घंटे बिजली मिलने व बार-बार ट्रिप होने सहित अनेक समस्याओं के चलते आक्रोशित किसानों ने शुक्रवार को सिवनी-अमरवाड़ा मार्ग के बीच स्थित गांव मुंगवानी कला बिजली कार्यालय के सामने मार्ग पर चक्का जाम करके विरोध प्रदर्शन किया।

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

लगभग 1 घंटे तक मार्ग में जाम किए जाने के चलते दोनों तरफ से आवागमन बाधित रहा। वहीं बिजली अधिकारी के पहुंचने व बंडोल थाना पुलिस बल मौके पर पहुंचा जहां किसानों को बिजली पर्याप्त दिए जाने सहित अन्य मांगों को मानकर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाने का आश्वासन दिया तब कहीं जाकर किसानों ने चक्का जाम हटाया।
प्राप्त जानकारी के अनुसार सिवनी से अमरवाड़ा मार्ग के बीच स्थित गांव मुंगवानी कला में शुक्रवार को आक्रोश किसानों ने मार्ग पर चक्का जाम कर नारेबाजी की। किसानों ने बताया कि खेतों में गेहूं व सरसों की फसल के साथ कुछ किसानों ने अन्य फसल की बोवनी कर चुके हैं तथा कुछ किसानों की बोनी रह गई है। कृषि कार्य के लिए निर्धारित 10 घंटे बिजली देने के प्रावधान के बावजूद भी किसानों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है। इसके साथ ही महज 2 घंटे बिजली दिए जाने के बीच में भी बिजली के बार-बार ट्रिप होने से किसानों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं किसानों ने बताया कि बिजली दिन में काम और रात में ज्यादा देते हैं जिस भी परेशानी बढ़ गई है।

### कई गांव के किसान परेशान

बिजली की समस्या से गांव मुंगवानी, सापापार, मुंगवानी खुर्द, चौड़ा, भाटीवाडा, खेरी, पुसेरा, मढवा, बाधी, गाडरवाडा, कुदवारी आदि गांव के किसान परेशान हैं।

### किसानों ने रखी मांग

बिजली की समस्या से परेशान किसानों में योगेंद्र जैन, यशवंत ठाकुर, अजीत सिंह ठाकुर, बबलू सनोडिया भाटीवाड़ा, मोंटी, मोनू ठाकुर, अभिषेक ठाकुर, मोंटी सनोडिया, बबलू अवस्थी, कमलेश यादव, सुनील ठाकुर सहित अनेक किसानों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि उन्हें दिन में अधिक समय लाइट दिया जाए। 10 घंटे लाइट किसानों को दी जाए। बार-बार ट्रिप की समस्या से निजात दिलाया जाए। इसके साथ ही ढेकी और नरेला फीडर को जिसे तिघरा फीडर से जोड़ दिए थे उसे काटने की भी मांग किसानों ने की है।

## इधर, टेल क्षेत्रों के आखिरी गांव तक आज तक नही पहुंचा पानी



सिवनी। भीमगढ़ बांध (संजय सरोवर) की तिलवारा बाईं तट नहर के टेल क्षेत्रों जल उपभोक्ता सन्था छीन्दा के अंतर्गत सुनेहरा, पुतरा, बुधवारा, किमाची, डुंगरिया, कोहका, रायखेड़ा, चांदनखेड़ा, गुबरिया ओर तिंदुआ तक इसी तरह जल उपभोक्ता सन्था ग्वारी के अंतर्गत ( सुंझरी , खापा , खैरांजी , सालीवाड़ा , ग्वारी ओर देहवानी तक नहरें सूखी पड़ी हैं , किसान कब बोनी करेगा जबकि 24 /10/2025 को केवलारी विधानसभा क्षेत्र के जनप्रिय विधायक ठाकुर रजनीश सिंह की उपस्थिति में कलेक्टर के यहां सिंचाई विभाग के सभी अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में संयुक्त बैठक हुई थी।
जिसमें निर्णय लिया गया था कि 15/11/2025 तक टेल क्षेत्रों के आखिरी गांव तक पानी पहुंच जाएगा। लेकिन सिंचाई विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के उदासीन रवैया के कारण आज दिनांक तक नहरों में पानी नहीं पहुंचा ऐसी स्थिति देखते हुए साथ ही तिंदुआ ग्राम के धान खरीदी केंद्र को तिंदुआ यथावत रखने हेतु किसानों द्वारा संवेदनशील एसडीएम महेश अग्रवाल को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन का वाचन छीन्दा क्षेत्र के जनप्रिय एवं संघर्षशील जनपद सदस्य मुकेश सिंह राजपूत द्वारा किया गया और मांग रखी गई कि शीघ्र नहरों का विजिट कर 966 चेन में 155 से 160 सीएम का गेज दिया जाए अन्यथा उग्र आंदोलन के लिए अन्नदाता मजबूर रहेंगे, जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# भोपाल में वोट चोरी के मुद्दे को लेकर निर्वाचन आयोग कार्यालय का युवा कांग्रेस ने किया घेराव

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

विगत दिवस 27 नवंबर 2025 को भोपाल में वोट चोरी के मुद्दे को लेकर निर्वाचन आयोग कार्यालय का युवा कांग्रेस द्वारा घेराव किया गया। अखिल भारतीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा निर्वाचन आयोग द्वारा केन्द्र सरकार के ईशारे में की जा रही वोट चोरी के खिलाफ वोट चोरी आंदोलन को मुखरता से जनता के बीच लाने के उद्धेश्य से प्रदेश युवा कांग्रेस के नेतृत्व में आयोजित चुनाव आयोग कार्यालय घेराव आंदोलन किया गया।
जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आदित्य मोंटू भूरा ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भान चिब के मुख्य आतिथ्य में मध्यप्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार की विशेष उपस्थिति में मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष लखन घनघोरिया का पदभार ग्रहण कार्यक्रम पूर्ण गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ।
पदभार ग्रहण कार्यक्रम के पश्चात प्रदेश भर से आये हजारों युवा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भान चिब एवं मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष यश घनघोरिया के नेतृत्व में रैली के रूप में वोट चोरी के खिलाफ नारे लगाते हुये चुनाव आयोग कार्यालय का घेराव करने के लिए रवाना हुए। पुलिस प्रशासन के द्वारा प्रदेश की भ्रष्ट मोहन यादव सरकार के दबाव में आकर युवा कांग्रेस पदाधिकारी,



कार्यकर्ताओं को दलबल के साथ वेरीकेटिंग एवं वाटर कैनन के माध्यम से रोकने का प्रयास किया गया, जिसमें अनेक युवा कांग्रेस पदाधिकारी घायल हुये। प्रदेश युवा कांग्रेस के आव्हान पर भोपाल में आयोजित चुनाव आयोग कार्यालय के घेराव



आंदोलन में जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आदित्य मोन्टू भूरा के नेतृत्व में सिवनी के सैकड़ो युवा कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता गण शामिल हुये।
घेराव आंदोलन के पूर्व, मध्यप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं नेता प्रतिपक्ष म.प्र.विधानसभा उमंग सिंघार के निवास पर युवा कांग्रेस के साथियों के साथ पहुंचकर नेता द्वय का अभिवादन कर आशीर्वाद लिया।
घेराव कार्यक्रम में भोपाल पहुंचने वाले मेरे सभी सहयोगी साथियों का मैं आभार करता हूं इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिव सनोडिया, सिवनी विधानसभा अध्यक्ष नितिन डहेरिया, बरघाट विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप काकोडिया, सागर मरकाम,ऋषभ ठाकुरए अभिमन्यु काकोडिया, शिवम बैन,शिवराम उइके, प्रखर शर्मा, सोहैल अमन खान, राज नेमा, नवीन नागभिरे सहित सैकड़ों युवा कांग्रेस पदाधिकारी शामिल हुए।

## ब्राह्मण समाज में उबाल: IAS संतोष वर्मा की कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में सौंपा गया ज्ञापन, कठोर कार्रवाई की मांग तेज

केवलारी– अजाक्स के प्रांतीय अधिवेशन में कथित रूप से दिए गए आपत्तिजनक बयान के खिलाफ ब्राह्मण समाज में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। इसी मामले में ब्लॉक ब्राह्मण समाज केवलारी ने आज मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपकर आईएएस संतोष वर्मा के विरुद्ध तत्काल और कठोर कार्रवाई की मांग की है।
ज्ञापन के अनुसार, 23 नवम्बर 2025 को भोपाल में आयोजित अजाक्स के प्रांतीय अधिवेशन में, अजाक्स के प्रांताध्यक्ष एवं पदस्थ आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा सार्वजनिक मंच से ब्राह्मण समाज की बहु-बेटियों के संबंध में कथित रूप से अत्यंत अभद्र, अशोभनीय एवं आपत्तिजनक टिप्पणी की गई।
समाज के लोगों ने कहा कि यह टिप्पणी न केवल उनकी मर्यादा और सम्मान पर प्रहार करती है बल्कि एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के आचरण एवं गरिमा के पूरी तरह विपरीत है।
समाजजनों ने अपने ज्ञापन में कहा कि "एक आईएएस अधिकारी जैसे उच्च पद पर बैठा व्यक्ति जब किसी समाज विशेष की महिलाओं के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करता है, तो यह न केवल अस्वीकार्य है बल्कि द्वेषपूर्ण मानसिकता का परिचायक भी है। ऐसी बयानबाजी से



पूरी ब्राह्मण समाज की भावनाएं आहत हुई हैं और कानूनन भी यह गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है।"
उन्होंने कहा कि संतोष वर्मा का वक्तव्य प्रशासनिक निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लगाता है और यह दर्शाता है कि वे अपने पद का सम्मान और संवैधानिक मर्यादा का पालन करने में विफल रहे हैं।
समाजजनों ने इसे "नीच, असंवेदनशील और विषैली मानसिकता" करार देते हुए कहा कि ऐसी टिप्पणी किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार नहीं की जा सकती।
**ब्राह्मण समाज केवलारी द्वारा निम्नलिखित माँगें प्रमुखता से की गईं:** संतोष वर्मा के विरुद्ध तत्काल प्रभाव से विभागीय जांच एवं कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। उनकी अभद्र एवं महिलाओं का अपमान करने वाली टिप्पणी के लिए भारतीय दंड संहिता की उपयुक्त धाराओं में आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए। मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्हें वर्तमान पद से तत्काल हटाने की कार्रवाई की जाए, ताकि जांच निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो सके। भविष्य में कोई भी अधिकारी किसी समाज विशेष के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी करने का साहस न कर सके, इसके लिए उदाहरण प्रस्तुत करने वाली कार्रवाई की जाए।
समाज में तेज हुआ आक्रोश, आंदोलन की चेतावनी
ज्ञापन सौंपने पहुंचे ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलनात्मक कदम उठाए जाएंगे। उनका कहना था कि समाज की बहु-बेटियों का सम्मान सर्वोपरि है और भविष्य में भी किसी समुदाय विशेष की महिलाओं के विरुद्ध ऐसी घृणित टिप्पणी को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, महिला प्रतिनिधि, युवा एवं क्षेत्र के सम्मानित नागरिक मौजूद रहे।

## सिवनी पुलिस की एक मानवीय पहल

### जिला अस्पताल में एक अज्ञात महिला जिसे तत्काल प्राथमिक उपचार कराया गया



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** उल्लेखनीय है कि विगत रात्रि लगभग 3:00 बजे जिस समय कड़ कडाती ठंड पड़ रही थी जिला अस्पताल में एक चाकू बाज़ी के मामले में घायलों का हालचाल लेने हेतु गए थे वहीं पर एक विक्षिप्त असहाय महिला खुले आसमान के नीचे ठंडी जमीन पर लेटी हुई थी जिसके आसपास कोई नहीं था जो अस्पताल प्रबंधन से स्ट्रैचर की व्यवस्था कर दो तीन लोगों को सहयोग लेकर एवं स्वयं जमीन से उठाकर स्ट्रेचर में रखकर उसे भोजन करा कर प्राथमिक उपचार कराया गया।

## महाविद्यालय कुरई में रोजगार मेला संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला प्रशासन के तत्वाधान में विकासखंड कुरई सिवनी में एक दिवसीय जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया गया। उक्त मेले में शासकीय महाविद्यालय कुरई के स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ से जुड़े विद्यार्थियों ने टीपीओ प्रो. पंकज गहरवार के मार्गदर्शन में उत्साह से सहभागिता कर रोजगार के अवसरों को जाना। कैरियर मेले में निजी क्षेत्र की 10 विभिन्न कम्पनियों ने भाग लिया। रोजगार मेले में 270 आवेदकों नें अपना पंजीयन कराकर मेले में भाग लिया। रोजगार मेंले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा 203 आवेदकों का रोजगार हेतु प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। उक्त मेलें मे प्रारंभिक रूप से कुलोदय टेक्नोवपैक द्वारा 13, आमधन प्राईवेट लिमिटेड द्वारा 29, अंबुजा फाउंडेशन द्वारा 25, सीआई आई स्किल छिंदवाडा द्वारा 26, एल०आई०सी० सिवनी द्वारा 18, माइंडलैब्जल मीडिया टेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 23, एल०एन०जे० जबलपुर द्वारा 15, एस०आई०एस० ग्रुप द्वारा 03, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन जबलपुर द्वारा 28 एवं टेंगों सिक्यूरिटी द्वारा 23 आवेदकों का रोजगार हेतु प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। जिसमें अप्रेंटिसशिप के लिये आमधन प्राईवेट लिमिटेड द्वारा 14 आवेदकों का चयन किया गया। जिला स्तरीय रोजगार मेले मे उपस्थित कंपनीयों द्वारा सुरक्षा गार्ड, ट्रेनीज, सहायक, काल सेंटर, फील्ड वर्कर, मशीन आपॅरेटर, पर्यवेक्षक, कम्प्यूटर आपॅरेटर, तकनीकि सहायक आदि पदों पर भर्ती की कार्यवाही की गई।

## राष्ट्रवादी चालक सेवा संगठन महासम्मेलन का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

राष्ट्रवादी चालक सेवा संगठन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय राष्ट्रवादी चालक महासम्मेलन अलोनिया टोल प्लाज़ा में संपन्न हुआ। इससे पूर्व संगठन के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर सम्मेलन के उद्देश्य व कार्यक्रम की जानकारी दी थी तथा आवश्यक अनुमति और सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया था महासम्मेलन में जिलेभर से ट्रक, बस, ऑटो, टैक्सी सहित विभिन्न परिवहन साधनों के चालक बड़ी संख्या में पहुँचे।
संगठन के संस्थापक रघुवंश प्रसाद विश्वकर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकुमार मलिक, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लालजी



लोधी, संगठन मंत्री अभय ठाकुर,महामंत्री सरजनसिंह तोमर,प्रदेश सचिव रामसिंह बंजारा, महासचिव रवि यादव,केशव मांझी,जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मीनरायण ठाकुर, प्रदेश मिडिया प्रभारी आरिफ मोहम्मद, सिवनी जिला अध्यक्ष सानू खान, प्रदेश संगठन मंत्री फारूख खान, संगठन मंत्री केवल पटेल, फैजान पटेल महासचिव, देवी पटेल, राहुल ठाकुर प्रचार मंत्री ,शमीम खान युवा अध्यक्ष,माखन ठाकुर, सहजाद अली संयुक्त सचिव, दीपक गिरियम कोषाध्यक्ष, गोपाल धुर्वे सलाहकार अध्यक्ष,नन्हे लाल, पवार गुलाब पटेल, देवी सेन , जितेन्द्र डहरिया और कार्यकारणी सदस्य रावि धुर्वे दुर्गेश यादव सलाहकार,सहित अनेक सदस्य कार्यक्रम में मौजूद रहे। मंच से वक्ताओं ने कहा कि चालक वर्ग सडक़ सुरक्षा, उचित कार्य समय, दुर्घटना बीमा और सामाजिक सुरक्षा जैसी समस्याओं से आज भी जूझ रहा है, इसलिए इस प्रकार के सम्मेलन आवश्यक हैं।
प्रतिनिधियों ने बताया कि संगठन का उद्देश्य टकराव नहीं, बल्कि सुधार करना और चालक वर्ग को सम्मान दिलाना है। महासम्मेलन के दौरान चालकों की समस्याओं को संगठित तरीके से प्रशासन और शासन तक पहुँचाने की रणनीति पर भी चर्चा हुई।
संगठन ने प्रशासन द्वारा मिले सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम चालक हितों की मजबूती का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

## रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न

# कलेक्टर ने किया अस्पताल परिसर का सघन निरीक्षण

**कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में जिला अस्पताल सिवनी में रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी बैठक आज सम्पन्न हुई।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

बैठक में विधायक , सिविल सर्जन डॉ. विनोद नावकर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में अस्पताल की चिकित्सकीय व्यवस्थाओं के उन्नयन, मरीजों एवं परिजनों की सुविधाओं



में सुधार तथा समिति की वित्तीय स्थिति एवं आय-व्यय की समीक्षा पर विस्तृत चर्चा की गई। विभिन्न चिकित्सकीय उपकरणों के क्रय पर समिति द्वारा सहमति प्रदान की गई।
कलेक्टर श्रीमती पटले ने जन औषधि केंद्र के अधिकतम उपयोग एवं उसके प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। साथ ही मेटरनिटी वार्ड के सामने स्थित रेन बसेरा एवं वेटिंग स्थान में बैठने की व्यवस्था, रोशनी और साफ-सफाई को और बेहतर करने के निर्देश भी दिए। जिला चिकित्सालय के साथ ही निजी चिकित्सालयों में बायो-मेडिकल वेस्ट के सुरक्षित एवं वैज्ञानिक निष्पादन की व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी के निर्देश भी कलेक्टर द्वारा दिए गए।
बैठक उपरांत कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने जिला अस्पताल परिसर का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल भवन के विभिन्न हिस्सों, मेटरनिटी वार्ड, दवा वितरण कक्ष के आसपास की व्यवस्था, वार्डों तक पहुंच मार्ग, परिसर की स्वच्छता तथा पार्किंग क्षेत्र का अवलोकन किया।
कलेक्टर ने अस्पताल परिसर में स्वच्छता व्यवस्था और कचरा निस्तारण को और बेहतर करने के निर्देश दिए।
उन्होंने निर्देशित किया कि साफ-सफाई की दैनिक निगरानी सुनिश्चित की जाए तथा अस्पताल परिसर में अनावश्यक कचरा और अवरोध न रहें।
उन्होंने अस्पताल परिसर में पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने पर विशेष जोर देते हुए दोपहिया और चौपहिया वाहनों के लिए अलग-अलग चिन्हित पार्किंग व्यवस्था विकसित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने मरीजों और परिजनों की आवाजाही को सुगम बनाए रखने, गलियारों एवं मार्गों से अवरोध हटाने, तथा आवश्यक स्थानों पर उचित प्रकाश व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

## सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लखनादौन उपजेल का किया गया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिवनी श्री सतीश चन्द्र राय के निर्देशानुसार विगत दिवस को न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी रवि नायक द्वारा उपजेल लखनादौन का निरीक्षण किया गया। जेल निरीक्षण के दौरान श्री नायक ने बंदियों के हाल-चाल पूछे तथा उनके प्रकरण की पैरवी हेतु अधिवक्ता के संबंध में प्रत्येक बंदी से पूछताछ कर निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त करने के अधिकार से अवगत कराया गया। दोषसिद्ध बंदियों से अपील की जानकारी प्राप्त की गयी। जेल निरीक्षण के दौरान जिला विधिक



सहायता अधिकारी सिद्धार्थ शुक्ला सहित उपजेल अधीक्षक अनुभा चैधरी एवं जेल स्टाफ भी उपस्थित रहे।

### 6 वर्ष के लिए अयोग्य घोषित

## फर्जी पट्टे मामले में नप गई एकोड़ी सरपंच

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




बालाघाट के वारासिवनी जनपद पंचायत एकोड़ी की सरपंच मोनिका मेश्राम को पद से हटा दिया गया है। उन्हें आगामी 6 साल के लिए अयोग्य भी घोषित किया गया है। यह कार्रवाई नलजल योजना के लिए आरक्षित भूमि का कूटरचित दस्तावेज से पंच को पट्टा दिलाने के मामले में की गई है।

दरअसल, एकोड़ी पंचायत में नलजल योजना के लिए भूमि प्रस्तावित की गई थी, जिस पर ट्यूबवेल का खनन भी हो चुका था। इसके बावजूद, सरपंच मोनिका मेश्राम ने पंच जयप्रकाश गणवीर को कूटरचित दस्तावेज के माध्यम से उस जमीन का पट्टा दिलाकर फायदा पहुंचाया था।

शिकायत के बाद हुई जांच में यह सामने आया कि 16 अगस्त 2023 को हुई ग्रामसभा में पट्टा आवंटन को लेकर कोई प्रस्ताव पारित नहीं किया गया था। हालांकि, सरपंच ने इसी दिन का एक कथित प्रस्ताव वारासिवनी नायब तहसीलदार को भेजा था।

इसी कथित प्रस्ताव के आधार पर नायब तहसीलदार वारासिवनी ने मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 244 के तहत जयप्रकाश गणवीर को मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना के तहत पट्टा और भूमिस्वामी अधिकार पत्र प्रदान किया था। जांच में यह तथ्य सामने आने के बाद जयप्रकाश गणवीर का पट्टा निरस्त कर दिया गया था।

कूटरचित दस्तावेज देकर अपने समर्थक को पट्टा दिलाए जाने का मामला प्रकाश में आने के बाद भी सरपंच पर तत्काल कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। इससे व्यथित शिकायतकर्ता मनोज हरिनखेड़े और ग्रामीणों ने सरपंच को धारा 40 के तहत हटाने के लिए आवेदन दिया। जांच में सरपंच मोनिका मेश्राम को दोषी पाया गया।

विहित प्राधिकारी न्यायालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत के आदेशानुसार, मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 40(क) के तहत सरपंच मोनिका मेश्राम को कर्तव्य के निर्वहन में अवचार का दोषी मानते हुए तत्काल प्रभाव से पद से पृथक कर दिया गया है। उन्हें आगामी छह साल तक के लिए अयोग्य भी घोषित किया गया है।

उपसरपंच कमलेश शरणागत ने इस कार्रवाई को 'सच की जीत' बताया। उन्होंने कहा कि फर्जी प्रस्ताव बनाकर शासकीय भूखंड का पट्टा जारी किया गया था, जबकि यह भूमि पहले ही नलजल योजना के लिए प्रस्तावित थी।

### बिरसा क्षेत्र के मोहगांव में संचालित हो रहा है क्लीनिक

## शिकायत के आधार पर चांदसी डॉ. एस.के. राय के दवाखाना को किया गया था सील

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




बालाघाट के मोहगांव में संचालित डॉ. चांदसी दवाखाना एक बार फिर चर्चा में है। बिना वैध डिग्री, पंजीयन और अवैध एलोपैथिक दवाओं के उपयोग के गंभीर आरोपों के चलते इस क्लिनिक को पहले स्वास्थ्य, पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने सील किया था। शुक्रवार को इस मामले में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

दरअसल, 30 अगस्त को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मोहगांव बस स्टैंड स्थित चांदसी दवाखाना का दौरा किया था। वहां डॉ. संजय राय बिना किसी योग्यता के एलोपैथिक पद्धति से मरीजों का इलाज करते पाए गए। टीम ने एलोपैथिक दवाएं जब्त कीं और मलाजखंड थाना प्रभारी को डॉ. संजय राय के खिलाफ मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान परिषद अधिनियम के उल्लंघन में कानूनी कार्रवाई के लिए पत्र लिखा।

मलाजखंड पुलिस ने स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के आधार पर डॉ. संजय राय चांदसी के खिलाफ मध्य प्रदेश राज्य आयुर्विज्ञान परिषद अधिनियम 1956 व 1958 की धारा 24 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसे जिले में किसी झोलाछाप डॉक्टर पर की गई पहली बड़ी कानूनी कार्रवाई माना जा रहा है।

इस दवाखाने के खिलाफ कई शिकायतें मिलने के बाद, 16 नवंबर 2022 को बिरसा के बीएमओ डॉ. सुनील सिंह ने चांदसी दवाखाना का निरीक्षण किया था। निरीक्षण में पाया गया कि संचालक एसके राय उर्फ संजय राय के पास कोई वैध चिकित्सा डिग्री नहीं थी। उनके पास क्लिनिक संचालन की अनुमति, पंजीयन या लाइसेंस भी नहीं थी।

जांच में यह भी पुष्टि हुई थी कि क्लिनिक में एलोपैथिक दवाइयां और इंजेक्शनों का अवैध उपयोग कर मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा था। इसके बाद, 18 नवंबर 2022 को सीएमएचओ ने कार्रवाई की सिफारिश की और 22 नवंबर को एक संयुक्त टीम ने क्लिनिक को सील कर दवाएं जब्त की थीं। इसके बाद शुक्रवार को एफआईआर दर्ज की गई है।

## शास. बालक स्कूल हट्टा में 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त अभियान का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




शासकीय बालक स्कूल हट्टा में 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान 27 नवंबर 2025 से शुरू किया गया जो कि बाल विवाह के विरुद्ध जन जागरूकता एवं बाल विवाह मुक्त भारत व स्वदेशी अभियान का आयोजन 27 नवंबर से 8 मार्च 2026 तक संपन्न होगा वही शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हट्टा में सर्वप्रथम संस्था की प्राचार्य श्रीमती रेखा वानखेड़े द्वारा इस कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं के लिए वर्तमान समय में स्वयं को जागरूकता, दायित्व एवं सावधानियां के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। इसके पश्चात प्रशासक, वन स्टाफ सेंटर बालाघाट एवं परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास बालाघाट से उपस्थित श्रीमती यतिका राहंगडाले द्वारा बेहद रोचक ढंग से छात्र छात्रों को संबोधित करते हुए महत्वपूर्ण जानकारी दी गई एवं जागरूकता का परिचय देते हुए सोशल मीडिया पर उपयोग करते समय साइबर सुरक्षा व आत्म अनुशासन के बारे में सावधानियां रखना जरूरी है इसी क्रम में शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं आवश्यक फोन नंबर की भी जानकारी दी गई वही स्वयं या परिवार में कभी घरेलू हिंसा, अत्याचार, शोषण की घटना होने पर तत्काल शासन से सहयोग लेने हेतु आवश्यक कार्य की जानकारी भी दी गई एवं अपने आत्म सुरक्षा हेतु कराटे प्रशिक्षण पर जोर दिया गया छात्रों के पूर्ण मनोयोग से जानकारी हासिल की इस संबंध में अपनी जिज्ञासा को दूर किया। इस अवसर पर संस्था से श्रीमती कीर्ति बाला फूँदे, श्रीमती देवकन परदादी, श्रीमती रामेश्वरी तुमसरे, श्रीमती घोरमारे, एवं सुश्री वर्षा चंदेलवार, एवं कराटे शिक्षिका उपस्थित रहे अंत में कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन श्रीमती रामेश्वरी तुमसरे उच्च माध्यमिक शिक्षा द्वारा किया गया

## शास.प्राथमिक शाला तोरगा में मनाया गया संविधान दिवस



**हरिभूमि न्यूज बिरसा।** बिरसा विकासखंड के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला तोरगा में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला समन्वयक श्री सुशील बर्मन के निर्देशानुसार एवं विकासखंड समन्वयक श्रीमती स्वर्णालता चोपड़ा के मार्गदर्शन में 28 नवंबर को ग्राम तोरगा के प्राथमिक शाला भवन में 76 वा संविधान दिवस हर्षौल्लाश एवं उत्साह के साथ मनाया गया, जिसमें सर्वप्रथम भारत रत्न डॉक्टर श्री बी .आर. अंबेडकर जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात संविधान की उद्देशिका का वाचन किया गया और वक्ताओं के द्वारा संविधान दिवस पर अपने विचार रखे गए कार्यक्रम में उपस्थित प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक श्री बंसलाल बिसेन, मानसिंह सर्वे सहायक शिक्षक, ग्राम पंचायत की मोबिलाइजर अंजलि मरकाम,आशा कार्यकर्ता मनीषा मरकाम , सामाजिक कार्यकर्ता जागेश कावरे, पंकज कावरे, राम सिंह मानकर, तमन्ना मेश्राम, बलराम कावरे, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बुधियारीन धुर्वे सामाजिक कार्यकरता श्री तुलसीराम एवं प्राथमिक शाला के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## गुरू तेग बहादर का मनाया गया 350 वां शहीदी दिवस

**बालाघाट।** गुरूद्धारा श्री गुरूसिंघ सभा ने गुरू तेग बहादर का 350 वां शहीदी दिवस मनाया। इस अवसर पर 23 नवंबर से 28 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। शहीदी दिवस पर श्री अखंड पाठ साहिब की सेवा सतनामसिंह सलुजा परिवार तथा लंगर की सेवा खालसा परिवार और खालसा सेवादल छोटे वीरो एवं गुरदीपसिंह गिल द्वारा की गई। इस कार्यक्रम में लुधियाना से आए भाई साहब भाई दर्शनसिंह और बालाघाट का हजुरी जत्था मनप्रितसिंघ द्वारा साध संगत को निहाल किया गया। दर्शनसिंह को किर्तनी भेटा हरभजनसिंह गांधी परिवार की ओर से दी गई। प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष गुरू तेग बहादर ने नाम बाणी से प्यार, मोह का त्याग, भ्रम का खंडन, परोपकार तथा जीवो और मानवता से प्यार का उपदेश दिया था।

## विवेक ज्योति स्कूल में चलाया जागरूकता अभियान



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** 28 नवम्बर को विवेक ज्योति हायर सेकेंडरी स्कूल, बैहर में श्रीमती शिवानी असाटी, मजिस्ट्रेट, सिविल कोर्ट बैहर का स्वागत बड़े सम्मान के साथ किया गया। प्राचार्य श्री डी. के. बिसेन ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर उनका अभिनंदन किया।अपने प्रेरणादायक संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों से कानून, सुरक्षा और हमारी जिम्मेदारियों के बारे में सरल एवं प्रभावी शब्दों में चर्चा की। उन्होंने बच्चों को अपराध जागरूकता, कानूनी अधिकार, साइबर सुरक्षा, गुड टच–बैड टच, मोटर व्हीकल एक्ट, हिडन कैमरा तथा इंटरनेट पर अश्लील सामग्री देखने जैसी खतरनाक गतिविधियों से बचने की सलाह दी। उन्होंने समझाया कि किसी भी परिस्थिति में ओटीपी, अकाउंट डिटेल, पासवर्ड या व्यक्तिगत जानकारी किसी को भी साझा नहीं करनी चाहिए।उनके प्रत्येक शब्द में संवेदनशीलता, चेतावनी और स्नेह झलक रहा था। उन्होंने विद्यार्थियों को सतर्क, जिम्मेदार एवं निडर बनने की प्रेरणा दी और कहा कि असुरक्षित महसूस होने पर तुरंत माता-पिता, शिक्षक या संबंधित अधिकारी से मदद ले

## बिरसा के ग्राम जानपुर में कृषक संगोष्ठी का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** 28 नवंबर को परियोजना संचालक आत्मा समिति किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा बिरसा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम जानपुर में कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बैहर विधायक श्री संजय उइके उपस्थित रहें। इस अवसर पर विधायक श्री उइके ने कृषकों को कृषि संबंधित बीज निर्माण एवं प्राकृतिक खेती फसल चक्र की जानकारी दी। उन्होंने कृषकों प्राकृतिक खेती के लिए प्रोत्साहित किया और सभी कृषि सखी के साथ प्रकृति स्टाल का भी विजिट किया। इस दौरान श्री देशमुख ने कृषकों को मिश्रित खेती के लिए प्रेरित किया। संगोष्ठी में पूर्व जिला पंचायत सदस्य उमेश देशमुख, कृषि सभापति धर्म सिंह मरकाम, लक्ष्मीकांत धुर्वे जनपद सदस्य, जनपद उपाध्यक्ष हेमंत साहू, कृषि कॉलेज मुरझड़ से डॉ अतुल श्रीवास्तव एवं डॉ प्रतिभा, सरपंच श्रीमती सविता टेकाम,उप सरपंच, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी योगेश वाहने, समस्त कृषि स्टाफ और कृषि सखी व बड़ी संख्या में कृषकों की उपस्थिति रहीं।

### ग्राम झिरिया के 232 घरों में पहुँचा नल का शुद्ध जल, महिलाओं की हुई बड़ी राहत

## जल जीवन मिशन से साकार हुआ 'हर घर जल' का सपना

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट दूर करने और प्रत्येक घर तक नलजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लागू जल जीवन मिशन के उल्लेखनीय परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। बालाघाट जिले के विकासखंड परसवाड़ा के ग्राम झिरिया में भी इस मिशन ने लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव लाया है। ग्राम के प्रत्येक घर में नल के द्वारा शुद्ध पहुंचने से ग्रामीणों के चेहरे पर मुस्कान आ गई है। अब उन्हें पीने एवं निस्तार के लिए पानी के इंतजाम की चिंता नहीं करनी पड़ती है।

ग्राम झिरिया की निवासी लक्ष्मी मरावी ने बताया कि पहले गांव में पेयजल की गंभीर समस्या थी। महिलाओं को रोज़ाना दूर-दूर से पानी लाना पड़ता था, जिसके कारण उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। लेकिन जल जीवन मिशन के तहत अब गांव के प्रत्येक घर में नल से जल उपलब्ध होने लगा है। इससे न सिर्फ महिलाओं को राहत मिली है बल्कि पूरे गांव को पेयजल संकट से मुक्ति मिल गई है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के माध्यम से ग्राम झिरिया के कुल 232 घरों में नल कनेक्शन प्रदान कर नियमित जल की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। इस उपलब्धि के साथ ग्राम झिरिया को 'हर घर जल ग्राम' का दर्जा भी प्रदान किया गया है। ग्रामवासियों ने इस महत्वपूर्ण सुविधा के लिए प्रधानमंत्री जी एवं सरकार का आभार व्यक्त किया है। महिलाओं का कहना है कि अब उन्हें पानी के लिए न कुओं पर जाना पड़ता है, न हैंडपंप पर लंबी कतारें लगानी पड़ती हैं। ग्राम में नलजल सुविधा उपलब्ध होने से स्वास्थ्य, स्वच्छता और दैनिक जीवन में बड़ी सुविधा हुई है, जो जल जीवन मिशन की सफलता का प्रतीक है।



## मां के लिए लाड़ली बहना राशि निकालकर लौट रहे बेटे की दर्दनाक मौत

**बालाघाट।** बालाघाट में एक सड़क दुर्घटना में 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। मृतक युवक को गुरुवार देर रात जिला अस्पताल लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

यह दुर्घटना मलाजखंड थाना क्षेत्र के नेवरगांव निवासी प्रकाश पिता तीरथसिंह उईके के साथ हुई। प्रकाश अपनी मां के साथ बैंक से लाडली बहना योजना की राशि निकालकर घर लौट रहा था। इसी दौरान करू गांव के पास उसकी मोटरसाइकिल की एक अन्य मोटरसाइकिल से भिड़ंत हो गई।

दुर्घटना में प्रकाश उईके के अलावा दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार धीरी मोहरई निवासी कुंवरसिंह मरकाम (55), उनकी पत्नी मोतीनबाई (45) और उनके नाती चंद्रभान (15) व युवराज (9) वर्ष भी घायल हो गए। सभी घायलों को पहले बिरसा अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया।

जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने प्रकाश उईके को मृत घोषित कर दिया। घायल कुंवरसिंह, मोतीनबाई और चंद्रभान का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। वहीं, बालक युवराज की हालत गंभीर होने के कारण परिजन उसे गोंदिया ले गए हैं। कुंवरसिंह अपने परिवार के साथ एक तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होकर घर लौट रहे थे।

## किसान गर्जना संगठन ने दिया धरना निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज कटंगी।




सात सूत्रीय मांगों को लेकर शुक्रवार को किसान गर्जना संगठन ने कटंगी के बस स्टैंड में धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन शुरू होने से पहले दोपहर ढाई बजे अर्जुननाला के पास स्थित रेलवे ओवर ब्रिज के पास से किसानों ने रैली निकाली और करीब दो किमी की पैदल रैली सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए बस स्टैंड पहुंचकर धरने में तब्दील हुई। यहां धरना प्रदर्शन को किसान गर्जना संगठन के प्रदेश, जिला और ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारी ने संबोधित किया। किसान गर्जन का यहां धरना प्रदर्शन क्षेत्र में लगातार बारिश के बाद कीट व्याधि से बर्बाद हुई धान की फसलb को देखते हुए कटंगी-खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र को आपदा प्रभावित घोषित कर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ दिए जाने, चुनावी वादे के मुताबिक धान का 3100 रुपए समर्थन मूल्य प्रदान किए जाने, मौसमी बीमारी से प्रभावित धान की फसल को धान खरीदी केंद्रों में अस्वीकार न किए जाने, किसानों की दशा सुधारने के लिए 20 हजार प्रति हेक्टर बोनस दिए जाने, कृषि को लाभ का धंधा बनाने के लिए 18 घंटे बिजली प्रदान किए जाने, खरीफ सत्र 2025-26 की फसल बर्बादी को ध्यान में रखते हुए खरीफ फसल का ऋण माफ किए जाने और नकली खाद बीज पर अंकुश लगाने जैसी मांगों को लेकर यह धरना प्रदर्शन किया गया।

गौरतलब हो कि इस प्रदर्शन में अपेक्षाकृत कम संख्या में ही किसानों ने शिकरत की। दरअसल, गुरुवार को बोनकट्टा में राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ और पठार संघर्ष समिति ने भी किसानों एक बैठक बुलाई थी। जहां दो सूत्रीय मांगों पर चर्चा हुई और विधायक ने किसानों की इन दोनों मांगों पर आश्वासन दिया कि उनकी मांग पूरी होगी। इस बैठक के बाद किसान गर्जना संगठन ने अपने पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक कटंगी में धरना प्रदर्शन किया। यहां संगठन के पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी से लेकर प्रदेश और केंद्र में काबिज भाजपा सरकार को जमकर घेरा। धरना प्रदर्शन में प्रदेश अध्यक्ष अरविंद चौधरी, प्रदेश संगठन मंत्री गगन चौधरी, जिला अध्यक्ष राजकुमार नगपुरे, ब्लॉक अध्यक्ष भरतलाल बिसेन, जिला उपाध्यक्ष कुलदीप पटले, जिला पंचायत सदस्य प्रकाश उके सहित तमाम पदाधिकारियों ने संबोधित किया। इन वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार किसान विरोध और उद्योगपतियों की सरकार है। किसानों के साथ हर बार छलावा जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि हमें पार्टियों में बांट कर रख दिया गया है लेकिन हमें किसान के तौर पर अपनी समस्याओं को देखनी होगी। किसान अगर राजनीतिक दलों में बंटा हुआ रहेगा तो जीवन भर समस्याओं का सामना ही करते रहेगा।

किसानों को एमएसपी के नाम पर लगातार गुमराह किया जा रहा है फसल का वाजिब दाम नहीं मिल रहा है। सरकार फसल बदलने के लिए प्रेरित करती है ताकि उद्योगपतियों को फायदा पहुंचे आज किसान अपने मन-मुताबिक फसलें नहीं लगा पा रहा है। यह किसानों का दुर्भाग्य है कि वह अपने फायदे के लिए सरकार बनाते है लेकिन किसानों के द्वारा चुनी गई सरकार के लोग मौज कर रहे है वह परेशान हो रहे है।

## जंगली सूअर का शिकार कर पेड़ पर लटकाने वाले दो आरोपी को वन विभाग ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



परियोजना वन परिक्षेत्र वारासिवनी के अंतर्गत ग्राम पंचायत बोटेझरी के जंगल में जंगली सूअर का शिकार करने का मामला प्रकाश में आया हैं। जहाँ वन विभाग की टीम ने दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी अनुसार गुरुवार की दोपहर में ग्राम झालीवाड़ा निवासी हितेश पिता बलिराम कंगाली अपने साथी कुंवर पिता शेरसिंह के साथ आवारा कुत्तों को लेकर जंगल गए थे। जहाँ आवारा कुत्तों ने एक जंगली सूअर को घेर लिया, जिसके बाद दोनों आरोपी ने डंडों से जंगली सूअर को मार डाला और उसे एक पेड़ पर लटका दिया।

इस घटना की सूचना मिलने पर वहाँ पर ग्रामीणों भीड़ एकत्रित हो गई और आरोपी को पकड़ लिया गया। जिसके बाद वन विभाग के अधिकारी को सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुँचे और मृत जंगली सूअर और दोनों ही आरोपी को गिरफ्तार कर वारासिवनी वन विभाग कार्यालय लाया गया। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि कुत्तों के माध्यम से जंगली सूअर का शिकार किया गया। जहाँ दोनों आरोपी पर धारा 2, 9, 39, 50, 51, 52, 1972 वन्य प्राणी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

**शराब के नशे में स्थाई कर्मचारी यादोराम मंडलेकर ने जंगली सूअर का कर दिया चीर फाड़:** शुक्रवार की सुबह जब मृत जंगली सूअर का डॉक्टर और वन रेंजर के सामने जंगली सूअर का पोस्टमार्टम किया जा रहा था। तभी शराब के नशे में स्थाई कर्मचारी यादोराम मंडलेकर आया और और कहने लगा कि मुझे भी पोस्टमार्टम करके आता है और जंगली सूअर का चीर फाड़ कर दिया, जो डॉक्टर और वन रेंजर दिनेश रामटेके देखते रहे। वही जब मीडिया कर्मियों ने स्थाई कर्मी से पूछने का प्रयास किया, तो शराब के नशे में धुत कर्मी ने कहा कि मुझे जो करना हैं, करता हूँ, मैंने ही जंगली सूअर का चीर फाड़ किया हूँ।

ग्राम बोटेझरी के जंगल में आवारा कुत्तों के माध्यम से दो आरोपी ने जंगली सूअर का शिकार किया है। शिकार के बाद आरोपी ने जंगली सूअर को पेड़ में लटका दिया था, पोस्टमार्टम डॉक्टर की मौजूदगी में किया गया। वही जंगली सूअर का चीर फाड़ स्थाई कर्मचारी यादोराव मंडलेकर द्वारा किया गया।